कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com   Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दिनांक : 11/11/2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में मेरा युवा भारत, आउटरीच, अभिमुखीकरण कार्यशाला

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरा युवा भारत, आउटरीच, अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ऋचा ठाकुर, प्राचार्य, संगीत महाविद्यालय दुर्ग थी।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब स्वच्छता ही सेवा के माध्यम से देश भर में संचालित स्वच्छता अभियान एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। देश सेवा, समाज सेवा से ही व्यक्तित्व का विकास होता है। ‘‘माय भारत पोर्टल’’ पहल की दृश्यता और पहुँच बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार की योजना है, अतः माय भारत पोर्टल पर हमें अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर देश हित के लिए कार्य करना चाहिए।

अतिथि वक्ता डॉ. ऋचा ठाकुर ने मेरा युवा भारत एवं माय भारत पोर्टल के संबंध में छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि ‘‘मेरा युवा भारत’’ भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय है जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं को वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, देश के महान पुरुषों से प्रेरणा लेकर, देश हित में कार्य करने, युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने, और देश 2047 तक विकसित भारत के विजन में योगदान करने में सक्षम बनाना है। अतः राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं एवं अन्य छात्राओं को देश सेवा, समाज सेवा, व्यक्तित्व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। माय भारत पोर्टल युवाओं को उनकी क्षमता में सुधार और बेहतर बनाने का एक मंच देगा तथा युवाओं के सुझावों को अहमियत दी जायेगी। अतः माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर युवा विकास एवं युवा नेतृत्व में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

डॉ. अनुजा चौहान ने अतिथि वक्ता के द्वारा छात्राओं के उन्नयन के लिये किये गये महत्वपूर्ण अवदानों एवं सार्थक प्रयासों का उल्लेख करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर ने किया। आमार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया डॉ. यशेश्वरी ध्रुव के मार्गदर्शन डॉ मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, मधु पाण्डेय के सहयोग से कार्य सम्पन्न हुआ। एनएसएस की छात्रायें एवं महाविद्यालय की अन्य छात्रायें तथा श्री विमल यादव उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)